वर्ष भर में 766 दिव्यांगजनों को मिला 34.13 लाख का लाभ

# सक्षम स्थापना दिवस पर सहायक उपकरण वितरण एवं धीमहि प्रकोष्ठ गठन कर मनाया स्थापना दिवस

नागदा जं. निप्र। दिव्यांगजनों के हित में राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत संस्था सक्षम के 18वें स्थापना दिवस के अवसर पर लायंस ऑफ नागदा की स्थायी परियोजना संस्था स्नेह के संयुक्त तत्वावधान में सक्षम स्थापना दिवस कार्यक्रम समारोहपूर्वक आयोजित किया गया।

सक्षम जिलाध्यक्ष चंदन सिंह ने अपने स्वागत उद्बोधन में सक्षम जिला नागदा इकाई द्वारा वर्ष भर किये गए गतिविधियों को बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सक्षम जिला इकाई नागदा के कार्यकारिणी सदस्य रमेश सिलावट, दिनेश दस्लानिया, गिगी बाई, अशोक चौहान, पप्पू पानोला, राखी दस्लानिया रहे। स्वागत स्नेह के विशेष शिक्षक सविता उपाध्याय,



गौरव नागर एवं गणेश चौहान ने किया।

कार्यक्रम में स्नेह के उपनिदेशक महेश चन्द्र राठौड ने अपने उद्बोधन में सक्षम कि जानकारी में बताया कि सक्षम संस्था देश के 350 से अधिक जिलों में विभिन्न 21 प्रकार कि दिव्यांगताओं से सम्बंधित दिव्यांगजनों कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पुनर्वास एवं सशक्तिकरण हेतु सात प्रकोष्ठों और सात आयामों के माध्यम से राष्ट्यि स्तर पर सेवा कार्य संचालित है।

संस्था स्नेह में सक्षम जिला नागदा द्वारा सक्षम दिव्यांग केंद्र के रूप में नागदा-खाचरौद क्षेत्र सहित



देशभर के दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों से वर्षभर संपर्क में रहते हुए सहयोग का आह्वान किया और वर्ष भर के दौरान सक्षम नागदा इकाई द्वारा की गई प्रमुख गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवधि में कुल 766 दिव्यांगजनों को 34.13 लाख की सहायता विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदान की गई। साथ ही सक्षम स्थापना दिवस के अवसर पर सक्षम जिला नागदा इकाई द्वारा धीमहि प्रकोष्ठ का भी गठन किया है।

कार्यक्रम के दौरान बद्रीलाल, भंवरनाथ, भेरुलाल, गीता बाई, हीरालाल प्रजापत, कैलाश पटेल, कलावती पंचाल, रेशम बाई कृष्ण चन्द्र भट्ट, मुख्यतियर, पूनम बाई, रतन बाई, रेशम बाई एवं ललिता को सहायक उपकरण व्हील चेयर, ट्राई पोड, कान की मशीन, सिलिकोन कुशन, कमर बेल्ट, घुटने का बेल्ट, छड़ी भेंट की गई।

इस अवसर पर सक्षम नागदा इकाई धीमहि प्रकोष्ट के संरक्षक रमेश सिलावट एवं सदस्य द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण कर उत्साहपूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम में स्नेह के परियोजना अधिकारी विप्लव चौहान, विजेंद्र सिंह डोडिया, जीवेन्द्र बिसेन, रंजीता तंवर, गुडिया शर्मा, लोकेश चौहान, पूजा कुंवर, पिंकी मरमट, पूजा खेरवार, सोनु सेन, समरथ चौधरी, दिव्यांगजन एवं अभिभावक उपस्थित थे। ाभार कोषाध्यक्ष दिनेश दसलानिया ने माना।

## कांग्रेसी तो दूर भाजपाई पार्षदों को भी नहीं हुई सूचना

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आम लोगों की कैसे होगी सहभागिता

**मेघनगर-** अंतर राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हर शहर में सामूहिक योग का कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश शासन स्तर पर कलेक्टर को दिए गए।

जिले में कलेक्टर ने बाकायदा इस आयोजन में आम लोग की सहभागिता सुनिष्चित करने के लिए संबंधित सब डिवीजन के एसडीएम (राजस्व) को नोडल और नगर पालिका/परिषद के सीएमओ को सहायक नोडल अधिकारी के रूप में योग दिवस के आयोजन को जन उपयोगी बनाने के निर्देश दिए, किंतु हैरानी तो इस बात की है कि जिन जिम्मेदारों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को जन उपयोगी बनाना था उन्ही अफसरों ने इसे सीमित कर दिया। ना तो इस कार्यक्रम को लेकर शहर में प्रचार प्रसार किया गया। ना किसी भी माध्यम से लोगों तक सुचनाएं पहुॅचाई ना ही सार्वजनिक मूनादी कराई, ऐसे में आखिर कैस कोई आयोजन जन उपयोगी या जनता तक पहुॅच पायेगा बड़ा सवाल है। हैरानी तो इस बात की है कि मेघनगर में वार्ड पार्षदों तक को इस कार्यक्रम की कोई सूचना या निमंत्रण नहीं दिया गया।

जिला प्रषासन की ओर से निर्देष थे कि इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी, और आमजनों की सहभागिता हो किंतु सरकारी स्कूलों में होने वाले इन कार्यक्रमों में स्कूली विद्यार्थीयों और षिक्षकों की भीड़ को आमजन बताने का कुंठित प्रयास हमेषा से ही शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों को आम जनता से दूर करता जा रहा है। बिना किसी लाग लपेट के जिला प्रषासन को आने वाले निकट भविष्य में यह सुनिष्चत करना होगा कि आखिर क्या कारण है अधिकारी और जिम्मेदारी तय करने वाले बाद भी नोडल अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाही दिखाते, क्या कलेक्टर ऐसे जिम्मेदारों के प्रति कोई संजीदगी दिखाये या आम लोगों के नाम पर सरकारी कर्मचारियों की भीड़ का फोटो सेषन कराकर ही वाह वाही लुटी जायेगी।

मेघनगर लोक निर्माण सभापति और वार्ड क्रमांक 03 के वरिष्ठ भाजपा पार्षद लाखन सिंह देवाणा, वार्ड क्रमांक 08 के भाजपा पार्षद अजय डामोर वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद पुनमचंद वसुनिया वार्ड क्रमांक 02 की पार्षद शायदा भाभर, वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद पुनमचंद वसुनिया से संपर्क कर उनसे योग दिवस के कार्यक्रम के बारे में जानकारी ली तो पता चला कि उन्हें ऐसे किसी कार्यक्रम की जानकारी ना नहीं दी गई। नगर परिषद में सूचना के लिए पार्षदों के व्हाटसप ग्रप में भी रात 8 बजे तक कोई सचूना नहीं भेजी गई थी, ऐसे में रविवार को होने वाले कार्यक्रम के सफल आयोजन की कल्पना की जा सकती है। प्रषासन जब चुने हुए जनप्रतिनिधियों का सम्मान नहीं कर रहा तो आम लोगों की हैसियत उसके नजर में क्या होगी आसानी से समझा जा सकता है। खैर अभिनन्दंन कराने वाले मुख्यमंत्री को अपनी ही दल के पार्षदों की पीड़ा समझना चाहिए ताकि भविष्य में होने वाले आयोजनों में उन्हें वो सम्मान मिल सके जिसके लिए मंत्रालय से कलेक्टर कार्यालय तक पत्राचार किया जाता है। बाकी तो जय राम जी की।

## महेश नवमी महोत्सव - तीन दिवसीय आयोजन में धर्म, सेवा, संस्कृति और प्रतिभा सम्मान का होगा संगम

नागदा जं. निप्र। माहेश्वरी समाज नागदा द्वारा समाज के आराध्य भगवान महेश के प्राकट्य दिवस महेश नवमी के पावन अवसर पर 21-23 जून तीन दिवसीय महेश नवमी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में धार्मिक अनुष्ठान, सामाजिक एवं सेवा गतिविधियां, प्रतिभा सम्मान समारोह तथा भगवान महेश की भव्य शोभायात्रा सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

समाज अध्यक्ष घनश्याम राठी ने बताया कि माहेश्वरी समाज नागदा के तत्वाधान में माहेश्वरी महिला मंडल, माहेश्वरी सोशल ग्रुप, माहेश्वरी कपल ग्रुप एवं माहेश्वरी युवा संगठन के विशेष सहयोग से आयोजित यह महोत्सव समाज की एकता, संस्कृति एवं सेवा भावना का प्रतीक होगा।

शुभारंभ 21 जून, रविवार को उज्जैन जिला स्तरीय मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह से होगा। इस समारोह में जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 9.30 बजे स्नेहकुंज गार्डन, नागदा में प्रारंभ होगा। 22 जून, सोमवार को समाजजन सेवा कार्यों में सहभागिता निभाएंगे। प्रातः 8.30 बजे श्री गोपाल गौशाला में गौ-सेवा तथा प्रातः 11.30 बजे श्री अन्नपूर्णा अन्नक्षेत्र में सेवा गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। आयोजकों के अनुसार समाज की युवा एवं महिला इकाइयों द्वारा सेवा कार्यों में विशेष भागीदारी रहेगी।

23 जून, मंगलवार को महेश नवमी के मुख्य कार्यक्रम संपन्न होंगे जिसमें प्रातः 7 बजे श्री शिव मंदिर, रेलवे कॉलोनी, नागदा में भगवान महेश का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाअभिषेक किया जाएगा। पश्चात प्रातः 11 बजे समाज की साधारण सभा आयोजित होगी, जिसमें समाजहित के विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। दोपहर 3 बजे ठंडाई प्रसादी वितरण एवं सायं 4 बजे भगवान महेश की शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली जाएगी। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, बैंड, धार्मिक ध्वज, महिला एवं युवा इकाइयों की सहभागिता तथा भगवान महेश के जयघोष वातावरण को भक्तिमय बनाएंगे। शोभायात्रा का समापन श्री माहेश्वरी भवन, नागदा पर होगा। सायं 7 बजे भगवान महेश की महाआरती, 7.30 बजे माहेश्वरी समाज नागदा के नवीन मनोनीत अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का पदभार ग्रहण समारोह तथा रात्रि 8 बजे सामूहिक भोजन प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। माहेश्वरी समाज नागदा ने समस्त समाजजनों एवं युवा वर्ग से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर महेश नवमी महोत्सव को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने का आग्रह किया है।

# भविष्य में पाइपलाइन एवं सीवरेज नेटवर्क प्रबंधन होगा आसान : नपाध्यक्ष गेहलोत

नागदा जं. निप्र। नगर पालिका परिषद नागदा द्वारा अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत शहर के जल प्रदाय पाइपलाइन नेटवर्क की ट्रेवर्सिंग का कार्य तेजी से किया जा रहा है। अब तक लगभग 25 हजार मीटर क्षेत्र में ट्रेवर्सिंग कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जबकि करीब 12 हजार मीटर क्षेत्र में कार्य शेष है और शेष कार्य प्रगतिरत है।

नपाध्यक्ष संतोषी ओपी गेहलोत ने बताया कि ट्रेवर्सिंग के माध्यम से शहर की पाइपलाइन व्यवस्था का सटीक डिजिटल डेटा तैयार किया जा रहा है। इसके पूर्ण होने पर पाइपलाइन की स्थिति, गहराई, दिशा तथा उपयोग किए गए मटेरियल की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। इससे भविष्य में नई पाइपलाइन, सीवरेज लाइन अथवा अन्य भूमिगत विकास कार्यों के दौरान मौजूदा पाइपलाइन को क्षति पहुंचने की संभावना कम होगी और कार्य अधिक व्यवस्थित एवं सुरक्षित तरीके से किए जा सकेंगे।

उन्होंने बताया कि अमृत 2.0 योजना के तहत किया जा रहा यह कार्य शहर की जल प्रदाय व्यवस्था को आधुनिक एवं तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे नागरिकों को बेहतर एवं निर्बाध जल सेवाएं उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।

नपाध्यक्ष गेहलोत के अनुसार नगर में 6 एमएलडी क्षमता के अत्याधुनिक जल शोधन संयंत्र (वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट) का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है तथा शीघ्र ही इसे नगरवासियों को समर्पित किया जाएगा। इसके प्रारंभ होने से शहर की पेयजल व्यवस्था और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनेगी।

उन्होंने बताया कि प्रस्तावित सीवरेज नेटवर्क के लिए भी शीघ्र ट्रेवर्सिंग कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस परियोजना के अंतर्गत लगभग 100 किलोमीटर लंबी ग्रैविटी आधारित सीवरेज पाइपलाइन बिछाई जाएगी, जिससे शहर की सीवरेज व्यवस्था आधुनिक एवं सुव्यवस्थित बन सकेगी। ट्रेवर्सिंग के माध्यम से प्रस्तावित सीवरेज नेटवर्क का भी संपूर्ण डिजिटल डेटा तैयार किया जाएगा। इससे भविष्य में सड़क निर्माण, नई पाइपलाइन बिछाने, मरम्मत एवं अन्य विकास कार्यों के दौरान सीवरेज नेटवर्क को नुकसान पहुंचने की संभावना कम होगी तथा तकनीकी समस्याओं का त्वरित और सटीक समाधान संभव हो सकेगा।

श्रीमती गेहलोत ने कहा कि अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत जल प्रदाय एवं सीवरेज जैसी आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। यह परियोजना शहर के सुनियोजित विकास, स्वच्छता व्यवस्था और बेहतर शहरी अधोसंरचना के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

सांसद एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि ओपी गेहलोत, उपाध्यक्ष सुभाषचंद शर्मा, सभापति प्रकाश जैन, श्रीमती भावना रावल, श्रीमती बबिता रघुवंशी, गौरव यादव, रामकुंवर सिसोदिया, देवकुंवर पटेल, कौशल्या ठाकुर सहित समस्त परिषद सदस्यों द्वारा विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।



# लायन्स क्लब नागदा ग्रेटर का 300वां साप्ताहिक मधुमेह जांच शिविर सम्पन्न



नागदा जं. निप्र। लायंस क्लब नागदा ग्रेटर के तत्वावधान में एवं नगर परिषद उन्हेल के सहयोग से क्लब की स्थायी सेवा गतिविधि के अंतर्गत प्रत्येक शनिवार को लॉयन डॉ. ओम बैरागी द्वारा आयोजित किए जाने वाले मधुमेह जांच शिविर का 300वां साप्ताहिक शिविर बस स्टैंड, उन्हेल पर आयोजित किया गया।

इस अवसर पर नगर परिषद उन्हेल के अध्यक्ष शांतिलाल हलकारा, उपाध्यक्ष अखिलेश उपाध्याय, भाजपा उन्हेल मंडल अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जैन, पार्षद प्रतिनिधि चंदर चौहान, गोविंद नन्देड़ा तथा लायन्स क्लब नागदा ग्रेटर के अध्यक्ष लॉयन डॉ. हिमांशुदत्त पाण्डेय विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

शिविर में लगभग 45 नागरिकों के मधुमेह एवं रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) की जांच कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। इस अवसर पर पिछले कई वर्षों से निरंतर इस सेवा गतिविधि का संचालन कर रहे लॉयन डॉ. ओम बैरागी तथा शिविर के सफल आयोजन में सतत सहयोग देने वाले गोविंद सलित्रा, प्रवीण जैन, शुभम



लॉ. डॉ. बैरागी एवं सेवा कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

सोलंकी एवं राजपालजी का पुष्पमालाएं पहनाकर एवं खादी की शॉल ओढ़ाकर विशेष सम्मान लायन्स क्लब नागदा ग्रेटर के अध्यक्ष लॉयन डॉ. हिमांशुदत्त पाण्डेय एवं क्लब पदाधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर परिषद अध्यक्ष शांतिलाल हलकारा ने लायन्स क्लब नागदा ग्रेटर एवं लॉयन डॉ. ओम बैरागी द्वारा संचालित स्वास्थ्य सेवा गतिविधियों की सराहना की तथा नागरिकों से मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक एवं सतर्क रहने का आह्वान किया।

लायन्स क्लब नागदा ग्रेटर के अध्यक्ष लॉयन डॉ. हिमांशुदत्त पाण्डेय ने क्लब द्वारा संचालित विभिन्न सेवा गतिविधियों की जानकारी देते हुए लॉयन डॉ. बैरागी द्वारा प्रति शनिवार को केम्प के माध्यम से मधुमेह जागरूकता शिविर के आयोजन के सराहना की। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक एवं पॉलिथिन के उपयोग से बचने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल में क्लब ने अपने सभी आयोजनों में पॉलिथिन, प्लास्टिक डिस्पोजल ग्लास एवं अन्य एकल उपयोग प्लास्टिक सामग्री के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। साथ ही सेवा सप्ताह के दौरान नागदा क्षेत्र में नागरिकों को कपड़े की थैलियों का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया है। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। शिविर में क्लब सचिव लॉयन इंजी. रोहित प्रजापत, कोषाध्यक्ष लॉयन सलीम खान, पूर्व अध्यक्ष एवं लियो एडवाइजर लॉयन विनयराज शर्मा, लॉयन निर्मल जैन, लॉयन अजय गरवाल, प्रवीण जैन, शुभम सोलंकी, नितेश जैन लाला, राजेन्द्र मोदी, बालकृष्ण गुप्ता, पूनमचंद खमोरिया, डॉ. शुभांशु बैरागी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गोविंद सलित्रा ने किया तथा आभार लॉयन सलीम खान ने माना।

जनप्रतिनिधियों और आमजनों ने दिए सुझाव

# टाउन हॉल नीमच में समान नागरिक संहिता पर वृहद परिचर्चा सम्पन्न

नीमच । जिला मुख्यालय नीमच के टाउन हॉल नीमच में शनिवार को जावद विधायक ओमप्रकाश सखलेचा, नीमच विधायक दिलीप सिह परिहार, जिला अध्यक्ष वंदना खण्डेलवाल, कलेक्टर हिमांशु चंद्रा, एवं एसपी राजेश व्यास की उपस्थिति में जिला प्रशासन द्वारा समान नागरिक संहिता के सम्बंध में आमजनों के सुझाव प्राप्त करने के लिए वृहद परिचर्चा आयोजित की गई।



इस परिचर्चा को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा, कि समान नागरिक संहिता के संबंध में प्राप्त सभी सुझाव काफी महत्वपूर्ण है। सभी लोग ऑनलाईन सुझाव भी दे। विधायक सखलेचा ने कहा, कि प्रदेश सरकार द्वारा जन भावनाओं के अनुरूप समान नागरिक संहिता बिल लाने का प्रयास किया जा रहा है। सखलेचा ने कहा, कि जनभावनाओं के अनुरूप समान नागरिक संहिता बिल में हमारी संस्कृति और संस्कारों पर भी फोकस किया जाना चाहिए।

विधायक नीमच दिलीप सिह परिहार ने समान नागरिक संहिता बिल का समर्थन करते हुए कहा, कि इससे सामाजिक समरसता का वातावरण निर्मित होगा और समाज में एकता का भाव जागृत होगा। परिहार ने कहा, कि लैगिक आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। इस संहिता के माध्यम से महिला एवं पुरूषों को भी समान अधिकार मिलेंगे। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस परिचर्चा में अधिकांश उपस्थितजनों ने समान नागरिक संहिता के समर्थन में अपने सुझाव देते हुए इसे देश हित समाज हित एवं नागरिक अधिकारो का हित संरक्षण करने वाला बिल बताया।

इस परिचर्चा में भाग लेते हुए पार्षद राकेश किलोरिया ने समान नागरिक संहिता कानून को देश हित में बताते हए देश की संसद से बनाने का सुझाव दिया। सिंधी समाज के नन्दलाल मालानी रोटरी क्लब के दर्शनसिह गांधी, पूर्व पार्षद बाबूलाल नागदा, शशी कुमार कल्याणी, लक्ष्मीनारायण जोशी, जगदीश शर्मा, शंकर सिह डोडिया, मुफ्ती मोहम्मद सिद्दीकी, पंकज मालवीय, प्रेमचंद्र कलोसिया आदि ने भी अपने-अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। परिचर्चा में उपस्थित अधिकांश जनों ने समान नागरिक संहिता के संबंध में अपने-अपने सुझाव ऑनलाईन भी दर्ज करवाए। प्रांरभ में अतिथियों ने मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एडीएम बी.एस.कलेश, डिप्टी कलेक्टर संजीव साहू, चंद्र सिह धार्वे, सीएमओ दुर्गा बामनिया आदि ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेटकर स्वागत किया।

कार्यक्रम का संचालन प्रो.संजय जोशी ने किया तथा श्री संजीव साहू ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर हेमंत हरित, नीलेश पाटीदार, राज कुमार अहीर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, विभिन्न समाजों के प्रमुख संगठनों के प्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधि एवं अधिकारी, कर्मचारी, महिलाएं, पुरूष एवं युवा, छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

# ग्राम भाखेड़ा में पेयजल हेतु सार्वजनिक कूप के जीर्णोद्धार के लिए 2 लाख की अनुशंसा - सुश्री राधा मालवीय

**नागदा जं. निप्र।** ग्राम पंचायत कुंडला के ग्राम भाखेडा में वर्षो पुराना सार्वजनिक कूप निर्माण है जिससे करीब पूरे गाव की पेयजल व्यवस्था होती है जीर्ण-शीर्ण होने से ग्रामीणों के मांग अनुसार पूर्व विधायक दिलीप सिंह गुर्जर व् ब्लाक अध्यक्ष शंकर पटेल के निर्देश पर पेयजल हेतु सार्वजनिक कूप के जीर्णोद्धार के लिए जिला पंचायत की नाम मात्र राशी में से 2 लाख रु. की गयी अनुशंसा राशी ग्राम पंचायत को आवंटित हो गयी है जिसका जीर्णोघ्द्धार ग्राम पंचायत के माध्यम से किया जायेगा।

सुश्री राधा मालवीय ने बताया कि जल ही जीवन है ऐसे महत्वपूर्ण निर्माण कार्य का जीर्णोद्धार करने का अवसर दिया। आप सभी ग्रामीणों का धन्यवाद देते हुए बताया कि शासन द्वारा विगत दो वर्षो से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा लेकिन ऐसे महत्वपूर्ण निर्माण कार्य पर शासन का ध्यान नहीं है ऐसे विषयों को उन्होंने जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक में प्रस्ताव भी करवाया कि नागदा खाचरोद व् उज्जैन जिले में सैकड़ों सैकड़ो ऐसे स्टापडेम है जो लाखो रु. से निर्मित हुए आज वह शटर, पटिये व रिपेयर के आभाव में बीरान पड़े है। अगर प्रत्येक स्टापडेम रिपेयर होते है तो प्रत्येक ग्रामो में अच्छे से जल भराव होगा जल वाटर बड़ेगा सिचाई रकबा बड़ेगा और आने वाला कल जलमय होगा।

इस मोके पर उपस्थित सरपंच प्रतिनिधि मुकेश धानक, रामलाल, ताज मोहम्मद, सालाग्राम जी, दशरथ, मोहन, रामरतन, राजाराम, रायसिंह, रईस, शाकिर खां, गुड्डू जी, मोहमद अखलाल, गोरधन लाल, मोहन जी, सुमित, अनिल, रोहित सोनू, राजू आदि ग्रामीणजन मोजूद रहे।

# जन शिक्षा केंद्र स्तरीय व्यंजन प्रतियोगिता सम्पन्न

## लौकी के हलवे ने जीता प्रथम स्थान

नागदा जं. निप्र। जन शिक्षा केंद्र बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नागदा के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों की रसोइयों के लिए जन शिक्षा केंद्र स्तरीय व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की रसोइयों ने अपने-अपने स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजन प्रस्तुत कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में माध्यमिक विद्यालय मेहतवास की कृष्णा कुंवर, माध्यमिक विद्यालय टकरावदा की शांति बाई नागर, माध्यमिक विद्यालय कुंडला की टीना महेश, प्राथमिक विद्यालय खजूरिया की संगीता जायसवाल, माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 नागदा की संगीता बाई एवं पवन बाई, माध्यमिक विद्यालय झिरन्या की हमीदा तथा प्राथमिक विद्यालय पाडल्या कला की पार्वती एवं सीमा पाटीदार ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में प्रस्तुत व्यंजनों का मूल्यांकन स्वाद, पौष्टिकता, स्वच्छता एवं प्रस्तुतीकरण के आधार पर किया गया। परिणामों में माध्यमिक विद्यालय मेहतवास द्वारा तैयार लौकी का हलवा प्रथम स्थान पर रहा। माध्यमिक विद्यालय टकरावदा के आलू के पराठे द्वितीय तथा प्राथमिक विद्यालय खजूरिया के मूंग दाल के चीले तृतीय स्थान पर रहे।

कार्यक्रम में श्रीमती तारा गुप्ता, श्रीमती श्वेता शर्मा, श्रीमती विजयालक्ष्मी झा, श्रीमती किरण भावसार, श्रीमती स्मिता कश्यप, श्रीमती प्रीति मैडम, श्रीमती वंदना मैडम, श्रीमती प्रेमलता ररोतिया तथा कालूराम सेठी उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में श्रीमती सरस्वती शुक्ला, श्रीमती मधु वर्मा, सुश्री रीता माहेश्वरी, कृष्णचंद्र पुरोहित एवं श्रीमती मनीषा मोदी शामिल रहे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों द्वारा तैयार किए गए व्यंजनों की सराहना करते हुए उन्हें पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर जन शिक्षा केंद्र प्रभारी श्रीमती प्रतिभा बोराल, जनशिक्षक नरेंद्र सिंह रघुवंशी एवं जनशिक्षक वेदेशय चंदेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य मध्यान्ह भोजन में कार्यरत रसोइयों को प्रोत्साहित करना तथा पौष्टिक एवं नवाचारी व्यंजनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।